Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to observe the birthday of Dr. Rajendr Prasad, the first President of India, as 'Medha Diwas'-laid.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज):देश के प्रथम राष्टपति देशरत्न डॉ.राजेंद्र प्रसाद की जन्म-जयंती 03 दिसम्बर को प्रति वर्ष मनाई जाती है l इस दिवस को "मेधा दिवस" के रूप में मनाने की माँग जनता द्वारा हमेशा से की जाती रही है l क्योंकि डॉ.राजेंद्र प्रसाद की मेधा विश्व विख्यात रही है l इसलिए जन-भावनाओं के मद्देनजर उनके जन्म दिन तीन दिसम्बर को "मेधा दिवस" के रूप में सरकारी स्तर पर मनाया जाना अतिआवश्यक है l ऐसा कर उनके उस उत्तर पुस्तिका जिस पर कलकता विश्वविद्यालय में पढाई के दौरान एक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन करते हुए लिखा गया था कि "परीक्षार्थी,परीक्षक से बेहतर है" का प्रदर्शन भी देश भर में किया जाना चाहिए ताकि हमारे देश के युवा छात्र-छात्रायें प्रेरित हो सके l

अत : भारत सरकर से मेरा माँग है कि डॉ.राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस तीन दिसम्बर को "मेधा दिवस" के रूप में मनाने कि घोषणा की जाये l